	अवधि (1991-92)	(आंकड़े मेगावाट में)
श्रेणी	1991-92 के लिए लक्ष्य	फरवरी, 92 तक वास्तविक उपलब्धि
ताप-विद्युत	2586.5	1147.5
न्यूक्लीय	470.0	220.0
जल-विद्युत	754.3	165.0
जोड़	3810.8	1532.5

(घ): निर्धारित कार्यक्रम से पिछड़ने के लिए उत्तरदायी मुख्य कारण ये हैं—भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि० द्वारा उपस्करों की सप्लाई में विलम्ब होना, सिविल/उत्थापन कार्यों की प्रगति धीमी रहना, परियोजना हेतु अपेक्षित निवेशों की प्राप्ति में विलम्ब होना, निधियों की कमी होना और कैसा इन्फ्लों अपर्याप्त होना आदि।

देश में संयंत्र कार्यभार कारक (प्लांट लोड फैक्टर)

3005. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या **विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष देश में संयंत्र कार्यभार कारक 53.8 प्रतिशत रहा है और क्या विश्व मानदण्डों के अनुसार इसे "सी" ग्रेड का माना जाता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि देश की कुछ विद्युत परियोजनाओं में संयंत्र कार्यभार कारक 70 प्रतिशत तक है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने कम संयंत्र कार्यभार वाली परियोजनाओं का पता लगाया है;

(घ) वर्ष 1991-92 में कुल चालू विद्युत परियोजनाओं में से ऐसी परियोजनाओं का प्रतिशत कितना था जिनका संयंत्र कार्यभार कारक उनकी क्षमता से 50 प्रतिशत कम था; और

(ङ) विद्युत परियोजनाओं में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जाने का विचार है?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) वर्ष 1990-91 के दौरान देश में ताप विद्युत केन्द्रों का संयंत्र भार अनुपात 53.8% था। विकसित देशों की अपेक्षा यह कम ही है।

(ख) 1990-91 के दौरान देश में निम्न ताप विद्युत केन्द्रों का संयंत्र भार अनुपात 70% से अधिक रहा—

केन्द्र का नाम	संयंत्र भार अनुपात (%)
कच्छ लिग्नाइट	71.6%
भुसावल	74.2%
विजयवाड़ा	83.8%
रामागुण्डम "बी"	73.2%
रायचुर	76.3%
तूतीकोरिन	71.4%
टीटागढ़	73.9%

(ग) 1990-91 के दौरान जिन ताप विद्युत केन्द्रों का संयंत्र भार अनुपात 70% से कम रहा है इनके सम्बन्ध में केन्द्रवार ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**

(घ) अप्रैल, 91-फरवरी, 1992 के दौरान देश में कुल प्रचालनाधीन ताप विद्युत केन्द्रों में से 44% केन्द्रों का संयंत्र भार अनुपात 50% से कम रहा।

(ङ) देश में विद्युत उत्पादन मे सुधार किए जाने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों में विद्युत उत्पादन केन्द्रों के नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रम को क्रियान्वित करना, संयंत्र सुधार कार्यक्रम को हाथ में लेने के लिए बिजली बोर्डों की सहायता करना, अपेक्षित मात्रा में कोयला सप्लाई करना, प्रचालन एवं अनुरक्षण कार्मिकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल हैं।

विवरण

ऐसे ताप विद्युत केन्द्र जिनका 1990-91 के दौरान 70% से कम संयंत्र भार अनुपात रहा है।

केन्द्र	संयंत्र भार अनुपात (%)
एन०टी०पी०सी०	
बदरपुर	67.2
सिंगरौली	68.5
रिहन्द	55.9
कोरबा एसटीपीएस	61.9
विन्ध्याचल	61.3